महत्वपूर्ण एवं खास

गाज गिरने से आधा दर्जन मवेशियों की मौत

दंतेवाड़ा-रायपुर (आरएनएस)। मानसून की एंट्री के बाद पहली बार बस्तर में लगातार 2 दिनों से लगातार बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने दंतेवाड़ा जिले में सबसे अधिक 87 रूरू बारिश दर्ज की है। दंतेवाड़ा के रोंजे गांव में आकाशीय बिजली गिरने से 6 से 7 मवेशियों की मौत हो गई है। बुधवार की शाम 3 से 4 बजे के बीच दंतेवाड़ा, जगदलपुर, बीजापुर समेत अन्य इलाकों में बारिश शुरू हुई थी। रातभर जमकर बदरा बरसे। वहीं गुरुवार की सुबह कुछ देर के लिए मौसम खुला था, लेकिन दोपहर बाद फिर से बारिश शुरू हो गई। रात में भी मौसम की झमाझम हुई। इधर, बस्तर में बारिश की वजह से पारा भी लुढक़ा है, लेकिन 34 डिग्री के साथ कांकेर सबसे ज्यादा गर्म रहा, जबकि नारायणपुर में सबसे कम 27.7 डिग्री न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया है।

गोलीकांड के आरोपी के घर प्रशासन ने चलाया बुल्डोजर

भिलाई-रायपुर (आरएनएस)। भिलाई के टाउनशिप ग्लोब चौक में फायरिंग करने वाले आरोपी के घर पर बुल्डोजर कार्रवाई की गई है. आरोपी ने भिलाई सेक्टर 6 के सडक़ 31 की बिल्डिंग में अवैध कब्जा कर घर बनाया था. जिसपर बीएसपी के इंफोर्समेंट विभाग के अधिकारी और तोड़ू दस्ता ने भारी पुलिस बल के साथ पहुंच कर बुल्डोजर कार्रवाई की है. यह बुल्डोजर कार्रवाई बीएसपी तोड़ू दस्ते की अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है। जानकारी के अनुसार, बदमाश अमित जोश के खिलाफ़ दुर्ग पुलिस के पास 49 मामले दर्ज हैं. पुलिस ने कलेक्टर को पत्र लिखकर अमित जोश को जिला बदर करने की मांग की है. यानि आरोपी को जिला बदर करने के बाद वह जिले के अंदर प्रवेश नहीं कर सकता।

आठवें माले से कुदकर महिला ने दी जान

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी रायपुर के बोरिया खुर्द क्षेत्र में एक महिला ने बिल्डिंग की आठवीं मंजिल से कुदकर अपनी जान दे दी। मामले में टिकरापारा थाना पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार दोपहर आरडीए कॉलोनी ब्लॉक एच बोरिया खुर्द में रहने वाली 41 वर्षीया शबनम परवीन अचानक अपने घर से दौड़ते हुए निकली और पास ही बन रही नई बिल्डिंग के आठवें माले से कुद गई। इस हादसे में सिर फटने के चलते शबनम की मौके पर ही मौत हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर पहुंची टिकरापारा पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पंचनामा कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया। बताया जाता है मृतका मानसिक रूप से बीमार थी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

ट्रक ने अज्ञात व्यक्ति को रौंदा

रायपुर (आरएनएस)। रिंग रोड नंबर 2 स्थित अपना ढाबा के पास अज्ञात ट्रक ने रोड पार कर रहे एक व्यक्ति को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में कबीरनगर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार कल दोपहर पुलिस को सूचना मिली कि रिंग रोड नंबर 2 स्थित अपना ढाबा के पास 30 वर्षीय अज्ञात युवक रोड क्रॉस कर रहा था, तभी अज्ञात ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए युवक को रौंदते हुए भाग निकला। जिससे युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने शव का पंचनामा कर चीरघर भिजवा दिया है। वहीं अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर पतासाजी कर रही है।

आजाद हिंद, कुर्ला एक्सप्रेस सहित हावड़ा रूट की दर्जनों ट्रेनें रद्द

रायपुर | आरएनएस

हावडा रूट की महत्वपूर्ण ट्रेनों को रेलवे ने रद्द कर रहा है। दक्षिण पूर्व रेलवे के खडग़पुर रेल मंडल के अंतर्गत सांकराईल-सांतरागाछी लिंक लाइन को आन्दुल स्टेशन से जोडऩे का कार्य ब्लॉक लेकर किया जाएगा। यह कार्य 29 जून से 04 जुलाई, 2024 तक किया जाना है। इसके कारण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने व यहां गुजरने वाली दर्जनों ट्रेनों को रद्द किया जा रहा है। रद्द ट्रेनों में आजाद हिंद एक्सप्रेस, कुर्ला एक्सप्रेस से लेकर कई महत्वपूर्ण ट्रेनें शामिल हैं। इन ट्रेनों को अलग अलग तिथियों में रद्द किया जा रहा है।

देरी से रवाना होने वाली ट्रेनें

इसी प्रकार मध्य रेलवे के पुणे रेल मंडल के अंतर्गत पुनतांबा-कान्हेगांव सेक्शन में नॉन इंटरलोकिंग का कार्य किया जाएगा । यह कार्य दिनांक 29 एवं 30 जून, 2024 तक किया जाएगा। इसके कारण 27 जून, 2024 को हावड़ा से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22894 हावड़ा-साईनगर शिरडी एक्सप्रेस मनमाड एवं साईनगर शिरडी के बीच रद्द रहेगी। वहीं 29 जून, 2024 को साईनगर शिरडी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22893 साईनगर शिरडी -हावड़ा एक्सप्रेस साईनगर शिरडी एवं मनमाड के बीच रद्द रहेगी ।

हावड़ा रूट पर रदद होने वाली ट्रेनें

दिनांक 04 से 06 जुलाई, 2024 तक एलटीटी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18029 एलटीटी- शालीमार एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

दिनांक 06 से 08 जुलाई, 2024 तक शालीमार से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18030 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

दिनांक 04 से 06 जुलाई, 2024 तक पुणे से रवाना होने वाली गाडी संख्या 12129 पुणे-हावड़ा आजाद हिन्द एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

दिनांक 06 से 08 जुलाई, 2024 तक हावड़ा से रवाना होने वाली गाडी संख्या 12130 हावड़ा-पुणे आजाद हिन्द एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

दिनांक 04 जुलाई, 2024 को पोरबंदर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 12905 पोरबंदर-शालीमार एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

दिनांक 06 जुलाई, 2024 को शालीमार से रवाना होने वाली गाडी संख्या 12906 शालीमार-पोरबंदर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

दिनांक 06 जुलाई, 2024 को उदयपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20971 उदयपुर-शालीमार एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

दिनांक 07 जुलाई, 2024 को शालीमार से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20972 शालीमार-उदयपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

दिनांक 05 जुलाई, 2024 को पोरबंदर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 12949 पोरबंदर-सांतरागाछी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

दिनांक 07 जुलाई, 2024 को सांतरागाछी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 12950 सांतरागाछी-पोरबंदर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

दिनांक 06 जुलाई, 2024 को कामाख्या से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22512 कामाख्या-एलटीटी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

दिनांक 09 जुलाई, 2024 को एलटीटी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22511 एलटीटी-कामाख्या एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

दिनांक 06 जुलाई, 2024 तक एलटीटी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 12101 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

दिनांक 08 जुलाई, 2024 तक शालीमार से रवाना होने वाली गाडी संख्या 12101 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

देरी से रवाना होने वाली ट्रेनें

दिनांक 30 जून 2024 को पुणे से रवाना होने वाली गाडी संख्या 12129 पुणे-हावड़ा आजाद हिन्द एक्सप्रेस 30 मिनिट देरी से रवाना होगी।

दिनांक 01 जुलाई, 2024 को हावड़ा से रवाना होने वाली गाडी संख्या 12130 हावड़ा-पुणे आजाद हिन्द एक्सप्रेस 01 घंटे 30 मिनिट देरी से रवाना होगी।

दिनांक 30 जून 2024 को ओखा से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22905 ओखा-शालीमार एक्सप्रेस 01 घंटे देरी से रवाना होगी।

दिनांक 01 जुलाई, 2024 तक एलटीटी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 12101 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस 01 घंटे 30 मिनिट देरी से रवाना होगी।

दिनांक 05 जुलाई, 2024 तक एलटीटी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 12101 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस 02 घंटे 30 मिनिट देरी से रवाना होगी।

दिनांक 01 जुलाई, 2024 को हावड़ा से रवाना होने वाली गाडी संख्या 12262 हावड़ा-मुंबई दुरन्तो एक्सप्रेस 01 घंटे देरी से रवाना होगी।

विचरण कर कर रहे बाघ की सुरक्षा एवं मॉनिटरिंग को बैठक संपन्न

रायपुर | आरएनएस

प्रधान मुख्य वन संरक्षक (व.प्रा.) एवं वन्यप्राणी अभिरक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल द्वारा बारनवापारा अभ्यारण्य एवं सीमावर्ती वनक्षेत्र में 7 मार्च 2024 से 27 जून 2024 तक बाघ विचरण कर रहे बाघ के संरक्षण तथा संवंर्धन कार्यों के समीक्षा की गई। बाघ के सुरक्षा एवं मॉनिटरिंग के कार्यों का निरीक्षण किया गया एवं बाघ की सुरक्षा हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक (व.प्रा.) एवं वन्यप्राणी अभिरक्षक के विशेष आग्रह पर बाघ के सुरक्षा हेतु आईएफएस. (सेवा निवृत्त) आर.श्रीनिवास मूर्ति को बारनवापारा अभ्यारण्य आमंत्रित किया गया था। उन्होंने आमंत्रण स्वीकार करते हुए वनमण्डल बलौदाबाजार के अंतर्गत

बारनवापारा अभ्यारण्य में 26 जून 2024 एवं 27 जून 2024 के दौरा प्रवास में बारनवापारा अभ्यारण्य एवं सीमावर्ती वन परिक्षेत्रों के अंतर्गत वर्तमान में विचरण कर रहे 1 बाघ की निगरानी तथा सुरक्षा हेतु अधिकारी कर्मचारियों की बैठक लेकर चर्चा किया गया तथा भविष्य हेतु आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया।

आर.श्रीनिवास मूर्ति द्वारा बाघ विचरण क्षेत्र का सूक्ष्म भ्रमण कर, उनके द्वारा आगामी कार्ययोजना हेतु बाघ में ''रेडियो कालर'' लगाये जाने हेतु सुझाव दिया गया। वर्तमान में बारनवापारा अभ्यारण्य एवं आस-पास के वनक्षेत्र बाघ के रहवास के लिए उपयुक्त है एवं क्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में प्रे-बेस तथा वाटरबॉडी (पेय जल स्थान) एवं बाघ रहवास क्षेत्र है, जिसमें बाघ आसानी से रहवास/विचरण कर सकते है। बाघ की मॉनिटरिंग हेतु आर.श्रीनिवास मूर्ति के द्वारा बारनवापारा अभ्यारण्य,बलौदाबाजार, देवपुर एवं परिक्षेत्र बल्दाकछार के समस्त स्टाफ को बाघ संबंधित महत्वपूर्ण प्रशिक्षण दिया गया।

वर्तमान में वनमण्डल, बलौदाबाजार के अंतर्गत बाघ के संबंध में किये जा रहे कार्यों की सराहना की गई, तथा जन मानस एवं बाघ के सुरक्षा हेतु 4 नग कुमकी हाथी को बारनवापारा अभ्यारण्य वनमण्डल बलौदाबाजार लाया जाना एवं निगरानी करने हेतु सुझाव दिया गया।

आर.श्रीनिवास मूर्ति प्रसिद्ध बाघ संरक्षण विशेषज्ञ एवं पन्ना टायगर रिजर्व में फील्ड डायरेक्टर रहे सेवानिवृत आईएफएस अधिकारी है। श्रीनिवास पन्ना टाइगर रिजर्व में लगातार 2009 से 2015 तक फील्ड डायरेक्टर रहकर बाघ की संख्या 0 से 32 किया गया। वर्तमान में पन्ना टाइगर रिजर्व में लगभग 90 टाइगर है। टाइगर की संरक्षण एवं संख्या बढ़ाने में इनका महत्वपूर्ण योगदान है।

महिला से दुष्कर्म के आरोपी को धरमजयगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

रायगढ़। दिनांक 23/06/2024 को स्थानीय महिला द्वारा थाना धरमजयगढ़ में युवक बलराम मृधा पर डरा धमका कर दुष्कर्म करने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया। घटना को लेकर थाना प्रभारी धरमजयगढ़ निरीक्षक कमला पुसाम द्वारा पीड़ित महिला से विस्तृत पूछताछ कर कथन लिया गया। महिला बताई कि बीते 29 मई को उसका पति व घर के अन्य सदस्य कोरबा गए हुए थे। इसी बीच गांव का बलराम मृधा घर में अकेली पाकर उसे डरा धमकाकर बलात्कार किया। महिला के लिखित आवेदन पर थाना प्रभारी धरमजयगढ़ द्वारा आरोपी बलराम मृधा पर अपराध क्रमांक 167/2024 धारा 376, 506 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर तत्काल आरोपी की गिरफ्तारी के लिए आरोपी के सकुनत पर दबिश दी गई। आरोपी गिरफ्तारी से बचने फरार हो गया था। थाना प्रभारी द्वारा आरोपी की सूचना देने मुखबिर तैनात किए गए थे। आज सुबह मुखबिर सूचना पर टीआई धरमजयगढ़ कमला पुसाम द्वारा दबिश देकर आरोपी बलराम मृधा (उम्र 25 साल) निवासी धरमजयगढ़ जिला रायगढ़ को हिरासत में लिया गया। आरोपी की मेडिकल आदि की औपचारिकताएं पूर्ण कर आरोपी के कृत्य पर विधिवत को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर कोर्ट पेश कर जेल दाखिल किया गया है।

सीएमएचओ ने जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा रथ को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

रायगढ़

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं ग्रामीण स्तर पर प्रचार के लिये मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बी. के.चंद्रवंशी ने जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा 24 जुलाई 2024 तक चलाया जायेगा। जिसमें प्रथम चरण मोबालाइजेशन फेस(दंपत्ति संपर्क पखवाड़ा) 10 जुलाई तक तथा द्वितीय चरण जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा 24 जुलाई तक चलेगा। इस अवसर पर जिला टीकाकरण

नोडल अधिकारी डॉ.बी. पी.पटेल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक रंजना पैंकरा, आरएमएनसीएच सलाहकार डॉ राजेश मिश्रा, प्रभारी मीडिया अधिकारी उमा महंत उपस्थित रही। राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़े में परिवार नियोजन का व्यापक प्रचार-प्रसार एवं लक्ष्य दंपत्तियों को आवश्यकता अनुरूप परिवार नियोजन के स्थायी एवं अस्थायी साधनों के उपयोग हेतु अपील की जाएगी। समस्त शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों में परिवार नियोजन से संबंधित सेवाएं नि:शुल्क उपलब्ध है।

राजधानी में 5 स्थानों पर लगेंगे फास्ट चार्जिंग स्टेशन

- नागरिकों को जल्द मिलेगी 4 व्हीलर ई व्हीकल चार्जिंग स्टेशन की सुविधा
- रायपुर नगर निगम और आईओसीएल के बीच हुआ एमओयू

रायपुर | आरएनएस

वाहनों से बढ़ते वायु और ध्वनि प्रदूषण को कम करने सरकार द्वारा विभिन्न कदम उठाए जा रहे हैं। इसमें ग्रीन एनर्जी का उपयोग एक

महत्वपूर्ण कदम है जिसमें इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। रायपुर के नागरिक भी ई व्हीकल का उपयोग कर रहे हैं। इसी संदर्भ में जिला प्रशासन ने नागरिकों को फोर व्हीलर इलेक्ट्रिक वाहन के फास्ट चार्जिंग की सुविधा प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

कलेक्टर डॉ गौरव सिंह की उपस्थिति में आज कलेक्टर सभाकक्ष में नगर निगम रायपुर और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के मध्य एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किया। इस एमओयू के तहत राजधानी के पांच प्रमुख स्थानों पर आईओसएल द्वारा फास्ट चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे जिससे वाहनों का जल्द से जल्द रीचार्ज हो पाएगा।

नागरिकों को इलेक्ट्रिक व्हीकल के लिए फास्ट चार्जिंग की सुविधा देने के लिए जिले के सुभाष स्टेडियम परिसर, पुराना स्मार्ट सिटी ऑफिस परिसर, गांधी उद्यान, अनुपम गार्डन और जवाहर बाज़ार पार्किंग। इस एमओयू के अंतर्गत, आईओसएल द्वारा स्थापित किए जाने वाले चार्जिंग स्टेशनों से होने वाली आय का 10त्न हिस्सा रायपुर नगर निगम के साथ साझा किया जाएगा।

इस समझौते के होने से रायपुर में इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को अधिक बढ़ावा मिलेगा और शहर की हरित पहल को मजबूत करने में मदद मिलेगी। फास्ट चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना, नागरिकों को सुविधा प्रदान करने और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस पहल से रायपुर में पर्यावरण संरक्षण और तकनीकी विकास का मेल होगा।

टमाटर के साथ अन्य सब्जियों के भी दामों में हुई वृद्धि

रायपुर | आरएनएस

सब्जियों की आसमान छू रही कीमतों ने इन दिनों रोजाना के रसोई का जायका ही बिगाड़ दिया है। टमाटर के साथ ही अब दूसरी सब्जियों की कीमतों में भी आग लग गई है।

पंद्रह दिन पहले जो बरबट्टी 40 रुपये किलो में उपलब्ध थी, वह वर्तमान में तीन गुना बढ़ोतरी के साथ 120 रुपये किलो पहुंच गई है। वहीं 75 से 80 रुपये किलो बिकने वाला मुनगा भी इन दिनों 150 रुपये किलो बिक रहा है। सब्जी कारोबारियों का कहना है कि आवक सुधरने पर ही इसकी

कीमतों में सुधार होगा, अभी तो बाहरी मार्केट से ही सब्जियां ऊंचे दामों में आ रही है।

गोलबाजार, आमापारा, संतोषीनगर, शास्त्री बाजार, टिकरापारा सहित अन्य बाजारों में टमाटर 70 से 80 रुपये किलो, गोभी 70 से 80 रुपये किलो, बरबट्टी 110-120 रुपये किलो, कुंदरू 50 रुपये किलो, बैगन 60 रुपये किलो, भिंडी 60 रुपये किलो बिक रही है। वहीं मिर्ची 90 रुपये किलो और धनिया भी 140 रुपये किलो बिक रही है।

सब्जी कारोबारियों का कहना है कि इन दिनों सब्जियों की लोकल आवक पूरी तरह से गायब है और बाहरी आवक ही हो रही है। इसके चलते ही कीमतों में तेजी आ रही है। ऊपरी मार्केट से ही सब्जियों की कीमतों में तेजी है।

प्याज 55 रुपये किलो पहुंचा- प्याज की कीमतों में फिर से बेतहाशा बढ़ोतरी होने लगी है। बुधवार को चिल्हर बाजार में प्याज 50 से 55 रुपये किलो पहुंच गया। हालांकि आलू अभी भी 35 से 40 रुपये किलो बिक रहा है। कीमतें बढऩे के बाद भी अच्छी क्वालिटी की प्याज नहीं आ रही है।

आवक बढऩे पर सुधरेंगी कीमतें- थोक सब्जी व्यावसायी संघ अध्यक्ष टी श्रीनिवास रेड्डी ने कहा, सब्जियों की कीमतों में आवक बढऩे पर ही सुधार होगा और अभी इसमें करीब दो से तीन सप्ताह लग सकते हैं। 15 जुलाई के बाद सब्जियों की कीमतों में थोड़ा सुधार हो सकता है। टमाटर की आवक अब बैंगलुरू से भी शुरू हो गई है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने सरिया में हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन का किया भूमिपूजन

सारंगढ़ बिलाईगढ़

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने अपने रायगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सरिया में गुरुवार शाम को हायर सेकेण्डरी शाला भवन निर्माण का भूमिपूजन किया। करीब 1 करोड़ 19 लाख रुपए की लागत से सरिया में हायर सेकेंडरी स्कूल के नवीन भवन का निर्माण किया जाएगा। इस मौके पर पूर्व विधायक डा: जवाहर नायक, जगन्नाथ पाणिग्राही, नगर पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल स्वर्णकार सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

इस दौरान वित्त मंत्री ने निर्माण एजेंसी एवं ठेकेदार को स्पष्ट शब्दों में कहा कि शाला भवन निर्माण में किसी भी प्रकार की कोई गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए। भवन निर्माण गुणवत्ता में समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने अपनी बात दोहराते हुए कहा कि न ही मैं एक रुपये खाता हूं और ना ही मेरे नाम से किसी को एक रूपये दे। गुणवत्ता के साथ काम करें। स्कूल ही वह मंदिर है जहां बच्चे भविष्य का निर्माण करते हैं। भूमि पूजन के पश्चात क्षेत्रीय विधायक एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने स्कूल परिसर में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 6 महीने के अंदर नवीन शाला भवन का निर्माण पूर्ण हो जाएगा और ठेकेदार समय सीमा में काम करके देंगे। फरवरी तक नवीन शाला भवन में हायर सेकेंडरी स्कूल की क्लास लगेंगे। इस दौरान हायर सेकेंडरी स्कूल सरिया के प्रभारी प्राचार्य तिर्की ने वित्त मंत्री से नवीन शाला भवन में चार अतिरिक्त कक्ष की मांग की। जहां वित्त मंत्री चौधरी ने तत्काल मांग पर घोषणा किया। इसके पहले वित्त मंत्री ओपी चौधरी नगर पंचायत कार्यालय सरिया पहुंचे, जहां नागरिकों ने अपनी समस्या को लेकर आवेदन दिए। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने आवेदनों को पढ़े और निराकरण का आश्वासन दिया।

सरिया के वार्ड 15 के नागरिकों को मिलेगा पट्टा- वित्त मंत्री ओपी चौधरी के आगमन की जानकारी होने पर नगर के वार्ड क्रमांक 15 के वासिदों ने एक बार फिर वित्त मंत्री के चौपाल में दरखास लगाएं, जहां वित्त मंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया कि वार्ड क्रमांक 15 के वसींदों को मैंने वादा किया था और मैं अपने वादे के अनुसार आप लोगों को आपके मकान घर के लिए पट्टा दिलाने का कार्य करूंगा। इसके लिए स्थानीय सहयोगी आप लोगों का सहयोग करेंगे। वित्त मंत्री के आश्वासन पाकर वार्ड क्रमांक 15 के वासिंदो ने खुशी जाहिर की।

मेधावी छात्रों को पुरस्कार देंगे वित्त मंत्री चौधरी- वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने सरिया के छात्रों से हाथ मिलाते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सरिया के छात्रों ने दृढ इच्छा शक्ति, मेहनत, लगन के बल पर एवं गुरुजनों के मार्गदर्शन पर उच्च अंकों के साथ शाला का नाम रोशन किए हैं। यहां के कक्षा दसवीं के एक छात्र ने सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में टॉप टेन में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह अन्य मेधावी छात्रों के यहां भरमार है। यहां वित्त मंत्री के हाथों हाथों प्रोत्साहन राशि पुरस्कार की पांच हजार रुपए पाकर छात्राओं में हर्ष व्याप्त है। छात्रों के मनोबल को बढ़ाने के लिए वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने घोषणा कर दिए कि आने वाले दिनों में यहां के मेधावी छात्रों को मेरी ओर से पुरस्कार दिया जाएगा।